BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 27 अक्टूबर, 2024 **थाना बीबी नगर**

अवैध पटाखे (कीमत करीब 1.5 लाख रूपये) सहित 01अभियुक्त गिरफ्तार।

जनपद में अपराध व अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 26/27.10.2024 की रात्रि में थाना बीबीनगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभिसूचना के आधार पर अभियुक्त घनश्याम को ग्राम सठला में उसके मकान से 08 कार्टून अवैध पटाखों सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बीबीनगर पर मु0अ0सं0- 192/24 धारा 5/9B विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि दीपावली पर पटाखे बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए, पटाखो का भंडारण किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. घनश्याम पुत्र नन्हें सिंह निवासी ग्राम सठला थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 08 कार्टून अवैध पटाखें (कीमत करीब 1.5 लाख रूपये)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. श्री संजेश कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना बीबीनगर
2. उ0नि0 तेजपाल सिंह, उ0नि0 शुभम गंगवाल
3. है0का0 अनिल पवार, है0का0 चन्द्रवीर, है0का0 रोहित सिवाच

मीडिया सेल बुलंदशहर